भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2440

उत्तर देने की तारीख 03 अगस्त, 2026

12 श्रावण, 1948 (शक)

खेल परियोजनाओं के लिए प्रशासनिक और वित्तीय स्वकृति

2440. श्री सुधाकर सिंहः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत बिहार के बक्सर, कैमूर और रोहतास जिलों सहित अन्य ज़िलों में बहुउद्देशीय इनडोर हॉल, सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक, फुटबॉल हॉकी का मैदान, तरणताल और प्रशिक्षण केंद्र जैसी खेल अवसंरचना के निर्माण के लिए प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति लंबित है,

(ख) क्या यह सच है कि बिहार राज्य सरकार के खेल विभाग ने युवा मामले और खेल मंत्रालय को पत्र संख्या 3128 दिनांक 18.07.2025 के द्वारा उक्त लंबित प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति पर कार्रवाई करने के लिए संदेश भेजा था और यदि हाँ, तो इसकी वर्तमान स्थिति क्या है,

(ग) क्या सरकार का उक्त लंबित प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति शीघ्रातिशीघ्र दिए जाने का विचार है, और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) इस मंत्रालय में ऐसा कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है।

(ख) से (घ) केंद्रीय बजट 2024-25 के पैरा 31 में की गई घोषणा के अनुसार, बिहार राज्य में नई खेल अवसंरचना के विकास की परिकल्पना की गई है। तदनुसार, बिहार सरकार ने दिनांक 18.07.2025 के पत्र संख्या 3128 के माध्यम से विस्तृत परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं, जो मंत्रालय को प्राप्त हो चुके हैं।

खेल अवसंरचना के विकास एवं खेल विकास संबंधी पहलों के विस्तार हेतु राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों तथा अन्य पात्र निकायों से वित्तीय सहायता हेतु प्राप्त प्रस्तावों पर उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता, अवसंरचना संबंधी आवश्यकताओं, खेल क्षमता, कार्यान्वयन की तत्परता तथा स्कीम के अंतर्गत धन राशि की उपलब्धता के आधार पर विचार किया जाता है।

*****